पत्र संख्या–पुर०–03 / 2022–23 358 / रा०

बिहार सरकार

मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग

प्रेषक

सुमन कुमार,
निदेशक।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक- 23-8-22

विषयः- **सरकारी सेवक प्रोत्साहन पुरस्कार योजना, 2022–23 से संबंधित विज्ञापन का पुनर्प्रकाशन।**

महोदय,

बिहार सरकार, मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग की सरकारी सेवक प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अधीन जिला स्तर पर न्यायिक पदाधिकारियों, जिला स्तर पर पदाधिकारियों / कर्मचारियों एवं सचिवालय स्तर पर पदाधिकारियों / कर्मचारियों को सरकारी काम–काज में राजभाषा हिन्दी के उत्कृष्ट प्रयोग के लिए प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से उनकी टिप्पणियों के मूल्यांकन के आधार पर पुरस्कृत किया जाता है। इसके लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया था परन्तु अपेक्षित संख्या में प्रविष्टियाँ / अनुशंसाएँ प्राप्त नहीं हो सकीं।

अतः अनुरोध है कि तत्संबंधी संलग्न विज्ञापन को राज्य के प्रमुख हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

23/08/2022
(सुमन कुमार)
निदेशक

ज्ञाप संख्या- 358 /रा०, **पटना, दिनांक-** 23-8-22

प्रतिलिपिः-प्रोग्रामर, मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग को विभागीय वेबसाईट पर विज्ञापन की प्रति (संलग्न) को अपलोड करने हेतु दी जाती है।

23/08/2022
(सुमन कुमार)
निदेशक

D:\VIVEK 2022\Vijay Prakash Sinha\Pur-03-2022-26-07-2022.doc

website

बिहार सरकार

मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग

सरकारी सेवक प्रोत्साहन पुरस्कार योजना

2022–23

सरकारी काम–काज में राजभाषा हिन्दी के उत्कृष्ट प्रयोग के लिए मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग द्वारा सरकारी सेवक प्रोत्साहन पुरस्कार योजना संचालित है। इस योजनान्तर्गत तीन कोटियों के पुरस्कार निम्नवत् देय हैं:–

क्र. सं.	पुरस्कार की कोटि	पुरस्कारों की कुल संख्या	प्रति पुरस्कार की राशि	कुल राशि
1	2	3	4	5
1	जिला स्तर पर न्यायिक पदाधिकारियों के लिए (प्रत्येक जिला के लिए एक)	38	10,000	380000
2	जिला स्तर पर पदा0 / कर्म0 के लिए (प्रत्येक जिला के लिए एक)	38	10,000	380000
3	सचिवालय स्तर पर पदा0 / कर्म0 के लिए (प्रत्येक विभाग के लिए एक)	44	10,000	440000
			कुल	12,00,000

उपर्युक्त तीनों कोटियों के पुरस्कारों के लिए निर्धारित मानदण्ड एवं प्रक्रिया संबंधी आलेख की छायाप्रति राज्य के संबंधित सभी जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सभी जिलाधिकारी एवं सरकार के सभी अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / प्रमंडलीय आयुक्त / विभागाध्यक्ष को भेजी जाती है। इस पुरस्कार प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक जिला स्तर पर न्यायिक पदाधिकारी, जिला स्तर पर पदा0 / कर्म0 एवं सचिवालय स्तर पर पदा0 / कर्म0 निर्धारित मानदण्ड एवं प्रक्रिया के अन्तर्गत अपनी प्रविष्टियाँ (अपने मोबाईल नं० के साथ) निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग, सी / 211, ऑफिसर्स हॉस्टल, (बिहार म्यूजियम के सामने) बेली रोड, पटना–800001 को निर्धारित तिथि 15.09.2022 तक अपने विभाग के माध्यम से भेज सकते हैं।

नोट:– जिन्होंने विज्ञापन संख्या–PR No. 01032 (CSD) 2022–23 के आलोक में पहले ही प्रविष्टियाँ / अनुशंसाएँ प्रेषित की हैं उन्हें पुनः प्रेषित करने की आवश्यकता नहीं है।

23/08/2022

(सुमन कुमार)

निदेशक

मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग

D:\VIVEK 2022\Vijay Prakash Sinha\Sarkari Sewak Puraskar 2022-23.doc